फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर

गोपी उर्फ रेवडी बनाम सहायक कलक्टर बस्सी व अन्य

केस संख्या : 68/2022 (मुन्तकिल प्रार्थना पत्र)

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
19.07.2022	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित है। प्रार्थी अधिवक्ता ने अवगत कराया है कि सहायक कलक्टर बस्सी के पीठासीन अधिकारी पद पर सुश्री सृष्टी जैन आर॰ ए॰ एस॰ का पदस्थापन हो गया है। प्रार्थी अधिवक्ता को गौर से सुना गया। पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया गया । प्रार्थी ने सहायक कलक्टर बस्सी के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 30/2022 व प्रार्थना पत्र संख्या 27/2022 व उनवानी गोपी उर्फ रेवडी बनाम कलयाण व अन्य में लिंक पीठासीन अधिकारी शिव चरण शर्मा से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को अन्यत्र सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। चूंकि सहायक कलक्टर बस्सी के पद पर नये पीठासीन अधिकारी सुश्री सृष्टी जैन का पदस्थापन हो गया है। अतः पूर्व पीठासीन अधिकारी के विरूद्व प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वतः ही प्रभाव शुन्य (Infructuous) हो गया है। फलस्वरूप प्रार्थी का मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। (प्रकाश राजपुरोहित) जिला कलेक्टर जयपुर	